Azadi Ka Amrit Mahotsav

S. KISHORE, IAS
Chairman

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग
Government of India
Staff Selection Commission
ब्लॉक सं. 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड़, नई दिल्ली - 110003
Block No. 12, CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi - 110003

संदेश

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भाषा भावों एवं विचारों की जननी और संवाहिका है। यह किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की मूल आधारशिला है। विश्व की सरलतम और वैज्ञानिक भाषाओं की सूची में हिंदी भाषा को अग्रिम स्थान प्राप्त है। हिंदी भाषा भारत की विविधापूर्ण संस्कृति और संस्कारों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इसके बढ़ते वर्चस्व का आकलन इसी बात से लगाया जा सकता है कि हिंदी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली एवं प्रचलित भाषाओं में से एक है।

यह उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा भारतवर्ष में सबसे ज्यादा बोली जानी वाली भाषा है। इसे ध्यान में रखते हुए ही हमारी संविधान सभा ने दिनांक 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था। तब से लेकर प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज हमारा देश लोक कल्याणकारी राज्य की जिस संकल्पना को साकार करने के लिए सतत प्रयासरत है, उसमें हिंदी भाषा सरकार की विकासपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा उन योजनाओं में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करने में अभूतपूर्व योगदान दे रही है। सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम करते हुए हिंदी न सिर्फ भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ बना रही है, अपितु लोगों में राष्ट्रीयता की भावना का भी विकास कर रही है, जोकि एक सशक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत आवश्यक है।

यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि आयोग (मुख्यालय) में 14 सितंबर से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है और सभी अधिकारी /कर्मचारी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मेरा आप सबसे अनुरोध है कि राजभाषा हिंदी के प्रति यह उत्साह आगे भी बनाए रखें ताकि राजभाषा हिंदी का और अधिक प्रचार-प्रसार किया जा सके तथा हमारा और जनता के बीच संपर्क और बेहतर ढंग से स्थापित हो सके।

(एस. किशोर)

नई दिल्ली
14 सितंबर, 2022

Tel. (Off.) : 011-24361359, 24366057 | Email : chairmanssc@gmail.com